**प्रेस नोट    पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद    दिनांक 26.04.2026**

# कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों/ठेकों के बाहर/सड़क पर खुले में शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेशानुसार कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक 25.04.2026 को शाम 07:00 बजे से लेकर 09:00 बजे तक शराब ठेकों के आसपास व सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर एवं सड़क पर खुले में शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग का एक सघन अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत **कुल 188 स्थानों पर 2686 व्यक्तियों को चेक किया गया।** इनमें से 603 व्यक्तियों को, जिनके द्वारा सार्वजनिक रूप से खुलेआम सड़क पर शराब का सेवन किया जा रहा था, जिससे वहां आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, उक्त सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया व उनका मेडिकल कराते हुए 34 पुलिस एक्ट एवं 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही अम्ल में लाई गई तथा कुछ व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया । इस अभियान में सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गयी।

## अभियान के अन्तर्गत जोनवार कार्यवाही की स्थिति निम्नवत रही –

| क्र.सं. | जोन | चेक किये गये स्थानों की संख्या | चेक किये गये व्यक्तियों की संख्या | हिरासत में लिये गये व्यक्तियों की संख्या | कृत कार्यवाही का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 170/126/135 बीएनएसएस | 34 पुलिस एक्ट चालान |
| 1. | नगर | 37 | 886 | 100 | 00 | 100 |
| 2. | ट्रांस हिंडन | 53 | 755 | 184 | 01 | 164 |
| 3. | ग्रामीण | 98 | 1045 | 319 | 00 | 310 |
| कुल योग कमिश्नरेट | | **188** | **2686** | **603** | **01** | **574** |

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा संचालित यह संघन अभियान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि गाजियाबाद को एक सुरक्षित और अनुशासित शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।**

## प्रशिक्षु आरक्षियों की दीक्षान्त परेड: पुलिस बल को मिली नई ऊर्जा"

दिनांक **26 अप्रैल 2026** को रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट गाजियाबाद के परेड ग्राउण्ड में प्रशिक्षु आरक्षियों के दीक्षान्त परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल **582 प्रशिक्षु आरक्षियों** ने अपने **09 माह के आधारभूत प्रशिक्षण** को सफलतापूर्वक पूर्ण कर पुलिस सेवा में प्रवेश किया।

**मुख्य अतिथि - श्री जे. रविन्दर गौड, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद**

**परेड कमाण्डर का परिचय -**

प्रथम कमाण्डर - रिक्रूट आरक्षी अर्जुन सिंह तोमर
द्वितीय कमाण्डर - रिक्रूट आरक्षी कुशल चौधरी
तृतीय कमाण्डर - रिक्रूट आरक्षी उमंग प्रताप
दीक्षांत परेड में कुल **10 प्लाटून** ने प्रतिभाग किया

**दीक्षांत परेड के मुख्य बिंदु** –

- दीक्षान्त परेड का आयोजन पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में गरिमामय वातावरण में किया गया।
- परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा किया गया।
- प्रशिक्षु आरक्षियों ने अनुशासन, परेड कौशल एवं प्रशिक्षण के दौरान अर्जित दक्षताओं का प्रदर्शन किया।
- माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा वर्चुअल माध्यम से दीक्षान्त परेड को सम्बोधित किया गया। समस्त आमंत्रित अतिथिगण एवं दीक्षांत परेड में शामिल रिक्रूट आरक्षीगण के परिवारजन एवं समस्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा सम्बोधन को सुना गया।
- मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा अन्त: कक्षीय/बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण में सर्वांग सर्वोत्तम एवं प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।

- इस अवसर पर पुलिस बैंड की धुनों ने वातावरण को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

## पुरस्कार विजेता

| क्र0 सं0 | नाम प्रशिक्षु | विषय |
|---|---|---|
| 1 | हरवीर सिंह | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के प्रथम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 2 | योगेश्वर शर्मा | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के द्वितीय समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 3 | कौशल यादव | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के तृतीय समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 4 | अवधेश कुमार | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के चतुर्थ समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 5 | अजीत कुमार | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के पंचम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 6 | अन्शू कुमार | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के षष्टम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 7 | अंशुल यादव | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के सप्तम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 8 | नरेन्द्र | अन्त: कक्षीय प्रशिक्षण के अष्टम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 9 | रवि | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के प्रथम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 10 | दीपक नरवार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के द्वितीय समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 11 | अर्जुन सिंह | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के तृतीय समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 12 | सुमित चौधरी | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के चतुर्थ समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 13 | रजत चौधरी | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के पंचम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 14 | ललित कुमार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के षष्टम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 15 | अजय कुमार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के सप्तम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 16 | अवनीश कुमार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के अष्टम समूह में सर्वोच्च स्थान |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | विकास कुमार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के नवम् समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 18 | आकाश कुमार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के दशम समूह में सर्वोच्च स्थान |
| 19 | अरविंद कुमार | अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण के सभी समूह के सम्पूर्ण योग में सर्वोच्च स्थान |
| 20 | दीपक नरवार | बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण के सभी समूह के सम्पूर्ण योग में सर्वोच्च स्थान |
| 21 | मंयक राजपूत | सर्वांग सर्वोतम |
| 22 | उमंग प्रताप | परेड कमाण्डर तृतीय |
| 23 | कुशल चौधरी | परेड कमाण्डर द्वितीय |
| 24 | अर्जुन सिंह तोमर | परेड कमाण्डर प्रथम |
| 25 | श्री महावीर सिंह | सहयोगार्थ प्रभारी आर0टी0सी0 |
| 26 | श्री देवेन्द्र सिंह | इन्डोर प्रभारी आर0टी0सी0 |
| 27 | श्री चन्द्रभान सिंह | प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय/प्रभारी आर0टी0सी0 |
| 28 | श्री धर्मेन्द्र सिंह | प्रतिसार निरीक्षक |

**प्रशिक्षण की रूपरेखा -**

पिछले नौ माह के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को विभिन्न विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसमें शामिल थे -

- **कानून व्यवस्था बनाए रखने की तकनीकें**
- **अपराध नियंत्रण एवं जांच प्रक्रिया**
- **सामुदायिक पुलिसिंग और जनता से संवाद कौशल**
- **शारीरिक दक्षता एवं फिटनेस**
- **हथियार संचालन और सुरक्षा उपाय**
- **आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं साइबर अपराध नियंत्रण**

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त महोदय ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया।

अपने सम्बोधन में पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि दीक्षांत परेड केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने प्रशिक्षुओं के अनुशासन, परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि अब वे समाज के रक्षक और न्याय के प्रहरी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएँगे।

पुलिस आयुक्त महोदय ने प्रशिक्षुओं को ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता को अपने कार्य का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जनता के साथ संवाद और सहयोग को प्राथमिकता देते हुए अपराध नियंत्रण में आधुनिक तकनीक और ज्ञान का उपयोग करना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि आज ली गई शपथ केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवनभर निभाने का संकल्प है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को विश्वास है कि प्रशिक्षु इस संकल्प को पूरी निष्ठा से निभाएँगे और समाज में शांति, सुरक्षा और न्याय की स्थापना करेंगे।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आरक्षियों को न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बनाना था, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी सशक्त करना था ताकि वे समाज की बदलती चुनौतियों का सामना कर सकें।

कमिश्नरेट गाजियाबाद ने प्रशिक्षु आरक्षियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दीक्षान्त परेड उनके जीवन का नया अध्याय है। अब वे समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सेवा के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं।